की योजना भी तैयार की जाती है।"

- Stones & Morris

"Teaching Strategy is a generalized plan for a lesson which includes desired learner behaviour in term of goals, instructions and an outline of planned tactics necessary to implement strategy."

-Stones & Morris

Characteristic of Teaching Strategy:-

1. व्यूह रचना की सफलता, शिक्षक की व्यवसायिक निपुणता अनुभव तथा उसकी सूझ-बूझ से प्रभावित होती है।
2. व्यूह रचना का प्रभाव सम्पूर्ण शैक्षिक परिस्थिती में निहीत होता है।
3. शिक्षण व्यूह रचना का स्वरूप शिक्षण आरम्भ होने से पहले निर्धारित होता है।
4. व्यूह रचना के अंतर्गत विधियों, प्रविधियों तथा युक्तियों का समावेश होता है।
5. शिक्षण की व्यूह रचना शिक्षक द्वारा स्वीकृति अधिगम विधियों सिद्धांतों तथा मानव स्वभाव के बारे में उसकी मान्यताओं द्वारा प्रत्यक्ष तथा परोक्ष दोनों ही रूपों में प्रभावित होती है
6. शिक्षण सम्बन्धी व्यूह रचनाएं बाल केन्द्रित तथा शिक्षक केन्द्रित होती है।
7. शिक्षण नीतियां, शिक्षक के नियंत्रण में रहती है तथा वह उनमें आवश्यकतानुसार परिवर्तन कर सकता है।
8. शिक्षण व्यूह रचनाएं ज्ञानात्मक, भावात्मक तथा क्रियात्मक तीनों प्रकार के उद्देश्यों की प्राप्ति में सहायक है।
9. शिक्षण व्यूह रचनाएं बालों में चिंतन तथा तार्किक शक्ति

A Quality Product from Chitra

का विकास करती है।

10. शिक्षण व्यूह रचनाओं शिक्षण अधिगम अवस्था को निर्देशात्मक, सुधारात्मक तथा व्याख्यात्मक रूप प्रदान किया जाता है।

लाभ [Traits]:- शिक्षण को सरल, रुचिकर, आकर्षक, रुचिपूर्ण, चुनौतिपूर्ण प्रयोजनवादी बनाने, सृजनात्मकता के विकास में तथा छात्रों में विश्लेषण तथा संश्लेषण प्रवृत्ति का विकास करने में।

Types of Teaching Strategys:—

दो प्रकार की होती है—

(i) Autocratic Teaching Strategies.
[प्रभुत्ववादी व्यूह रचना]

Democratic Teaching Strategies.
[प्रजातांत्रिक शिक्षण व्यूह रचना]

Autocratic Teaching Strategys:—

प्रभुत्ववादी शिक्षण व्यूह रचनाएं परम्परागत शिक्षण व्यूह रचनाएं है, जो शिक्षक प्रधान होती है। इन व्यूह रचनाओं में विद्यार्थी का स्थान गौण रहता है अर्थात शिक्षक सक्रिय तथा छात्र निष्क्रिय रहता है। शिक्षक अपने ढंग से छात्रों की रुचियों आवश्यकताओं तथा योग्यताओं का ध्यान न रखकर छात्रों के मस्तिष्क में ज्ञान को ठूसता है अर्थात इनमें शिक्षण अवस्था स्मृति स्तर की होती है। छात्रों को शिक्षण क्रियाओं में भाग लेने की स्वतंत्रता नहीं होती तथा इन

A Quality Product from Chitra